Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to utlilise vacant houses of Income Tax Department lying in dilapidated condition in Shastrinagar, Meerut-laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरठ के शास्त्रीनगर स्थित एल ब्लॉक में-62 मकान खाली पड़े हुए हैं जो आयकर विभाग की संपत्ति हैं । प्रत्येक मकान 104 वर्ग मीटर में बना हुआ है तथा खराब हालत होने के बावजूद एक मकान का बाजार मूल्य लगभग 40 लाख रूपये है ।आश्चर्य की बात है कि उपरोक्त मकानों में आयकर विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी गत-25-30 वर्षों से नहीं रह रहा है । उक्त मकानों की हालत अत्यंत जर्जर है । इनके दरवाजे, खिड़कियाँ व जाली चोर उखाडकर ले गए हैं तथा इनमें घास – फूस व पौधे उगे हुए हैं । ये मकान शराब पीना, नशा करना, जुआ खेलना तथा अन्य अनैतिक कार्यों का अड्डा बन गए हैं । महानगरीय सीमा में विद्यमान यह बहुमूल्य परिसंपत्ति विभाग की उपेक्षा एवं लापरवाही के कारण बेकार पड़ी हुई है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार की परिसंपत्तियों की समुचित व्यवस्था / उपयोग किए जाने की व्यवस्था करने की कृपा करें ।